प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

मौसम

हिमाचल प्रदेश में बीते कल से मानसून की भारी वर्षा का दौर जारी है. सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिला हो रहा है जहां पंडोंह, सराज, धर्मपुर और करसोग क्षेत्र में भारी वर्षा और बादल फटने की घटनाओं के चलते बीती रात से स्थिति नाजुक बनी हुई है. यहां सभी नदी–नाले उफान पर है। व्यास नदी में बढ़े जलस्तर के चलते पंडोंह डैम से एक लाख 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे पंडोंह बाजार, मंडी शहर और आसपास के क्षेत्र में लोगों के घरों और दुकानों में बाढ़ का पानी घुस गया। वहीं 16 मेगावाट का कुक्लाह पटीकरी विद्युत प्रोजेक्ट बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं बचाव दल ने खैरी में 26 लोगों को जल भराव से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। दल ने क्षेत्र में अब तक 51 लोगों को रेस्क्यू किया है।

भारी बारिश और भूस्खलन से अधिकांश सड़क मार्ग बाधित हुए हैं। ऐसे में उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए मंडी और हमीरपुर जिला प्रशासन ने आज पहली जुलाई को एहतियातन सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए है। मंडी के धर्मपुर में बढ़ारना गांव में जमीन खिसकने से कई घरों के जमींदोज होने की सूचना है। वहीं नाचन विधान सभा क्षेत्र की जयूणी खड में उफान के चलते स्यांज पंचायत में अनेकों घरो के बह जाने की जानकारी प्राप्त हुई है यहां 9 लोगों के लापता होने का अंदेशा है।

सोलन जिला में भी लगातार हो रही बारिश से राष्ट्रीय उच्च मार्ग 5 चक्की मोड़ के समीप बार–बार बाधित हो रहा है। एन एच ए आई की टीम मौके पर मौजूद है और चंडीगढ़ शिमला सड़क मार्ग को बहाल करने के प्रयास जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के आठ जिलों कांगड़ा, मंडी, शिमला, सिरमौर, बिलासपुर, सोलन, हमीरपुर और ऊना के लिए भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की और मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना जताई है।

डिजिटल इंडिया

डिजिटल इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताया है। अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया के एक दशक के दौरान समग्र देश एक ऐसी यात्रा का साक्षी बना है जिसने असंख्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया और सशक्तीकरण के नये दौर में प्रवेश करने में सहायक बना। मोदी ने कहा कि इस पहल से स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्र भी लाभान्वित हुए हैं।

राष्ट्रमंडल सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन स्थित प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र–2 के वार्षिक सम्मेलन में आज दूसरे दिन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शामिल होंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने देश की सभी विधानसभाओं में ए आई तकनीक के इस्तेमाल पर बल देते हुए कहा कि अगले वर्ष तक सभी राज्यों की विधानसभाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे बेहतर कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक और उप–मुख्य सचेतक भाग ले रहे हैं।

भाजपा

आज शिमला के पीटरहाफ में अधिकारिक तौर पर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के आठ प्रतिनिधियों के नामों की घोषणा केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करेंगे। बीते कल पार्टी मुख्यालय शिमला में हुए नामांकन के बाद वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल का तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनना तय हो गया है। कल पार्टी मुख्यालय शिमला में डॉक्टर बिंदल के नाम के ही प्रस्ताव रखे गए। जबकि आठ राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए भी 8 ही नामांकन पत्र भरे गए। इनमें पवन काजल,

राजीव सहजल, त्रिलोक कपूर, पायल वैद्य, बिहारी लाल शर्मा, संजीव कटवाल और गोविंद ठाकुर शामिल हैं।

विक्रमादित्य

प्रदेश में लगातार हो रही वर्षा से सैंकड़ों सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि पिछले कल तक 3 सौ 90 के करीब सड़कें भू—स्खलन से बंद हुई हैं जिन पर यातायात बहाली के लिए भारी मशीनरी लगाई गई है और इन्हें तीन दिन के भीतर खोल दिया जाएगा।

इस बीच बीती रात मंडी, शिमला और अन्य क्षेत्रों में बारिश से सड़कों को और अधिक नुक्सान हुआ है। विभाग द्वारा सड़कें खोलने का कार्य निरंतर जारी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज नादौन विधानसभा क्षेत्र में ए डी ए कार्यालय के नए आवास भवन का लोकार्पण करेंगे। साथ ही मानपुल में सेरा रोड से सेरा पखरोल तक नई सड़क की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का धनेटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों से संवाद का कार्यक्रम है।